
Lung Cancer Screening

NHS

# लंग कैंसर स्क्रीनिंग प्रोग्राम

## आपको क्या जानने की आवश्यकता है



**एक आसान पढे जाने वाला मार्गदर्शन**

Screening saves lives

Help us help you

# इस पुस्तिका में क्या है

पृष्ठ



| | |
|---|---|
| फेफड़े का कैंसर क्या है? | 3 |
| फेफड़े के कैंसर की स्क्रीनिंग क्या है? | 4 |
| हम फेफड़े के कैंसर की स्क्रीनिंग क्यों पेश कर रहे है? | 5 |
| फेफड़ा स्वास्थ्य जांच | 6 |
| फेफड़ा स्कैन | 8 |
| फेफड़ा स्कैन परिणाम | 11 |
| एक फेफड़ा स्कैन करवाना चुनना | 13 |
| सिगारेट छोड़ने में मदद | 14 |
| फेफड़ों के कैंसर के लक्षण | 15 |
| अधिक जानकारी | 16 |

# फेफड़े का कैंसर क्या है?






फेफड़े का कैंसर सबसे आम तरह के कैंसर में से एक है।



आपका शरीर बहुत सारे छोटे-छोटे टुकड़ों से बना है जिन्हें सेल्स कहते हैं।

एक सेल खराब हो सकता है। इससे दूसरे सेल्स में गड़बड़ी हो सकती है। जब फेफड़ों में ऐसा होता है तो यह फेफड़ों के कैंसर में बदल सकता है।




शुरुआती पड़ावों में फेफड़ों के कैंसर के आमतौर पर कोई संकेत या लक्षण नहीं होते हैं।

इसका मतलब है कि बहुत सारे लंग कैंसरों का पता देर से चलता है, जब उसका उपचार करना अधिक मुश्किल होता है।




लंग कैंसर का जल्दी पता लगने का मतलब है उपचार अधिक आसान और अधिक सफल हो सकता है। लंग कैंसर का जल्दी पता लगाने का स्वोत्तम तरीका स्क्रीनिंग के जरिए है।

**स्क्रीनिंग जीवन बचाती है।**

## फेफड़े के कैंसर की स्क्रीनिंग क्या है?





फेफड़े के कैंसर की स्क्रीनिंग के दो भाग होते हैं।



### 1. फेफड़े के स्वास्थ्य की जांच

आप किसी स्वास्थ्य पेशेवर से फ़ोन पर या आमने-सामने बात करते हैं।

वे यह जानने के लिए सवाल पूछते हैं कि क्या आपको फेफड़े के कैंसर का ज़्यादा खतरा है।



### 2. फेफड़े का स्कैन

यदि आपको फेफड़े के कैंसर का अधिक खतरा है तो आपको फेफड़े का स्कैन पेश किया जाता है।

एक फेफड़े का स्कैन आपके फेफड़ों की तस्वीरें खींचता है



आप किसी दोस्त या केयरर से मदद मांग सकते हैं।

# हम फेफड़े के कैंसर की स्क्रीनिंग क्यों पेश कर रहे है?





फेफड़े के कैंसर की स्क्रीनिंग आपके फेफड़ों में समस्याओं का जल्दी पता लगाने में मदद करती है।

इससे आपको कुछ भी गलत होने से पहले ही समस्याएं ढूंढने में मदद मिल सकती है।



55 से 74 साल की उम्र के लोग जो सिगारेट करते हैं या करते थे, उन्हें फेफड़े के कैंसर का खतरा अधिक होता है।

हम इन लोगों को फेफड़े के कैंसर की स्क्रीनिंग के लिए बुलाते हैं।



फेफड़े के कैंसर का जल्दी पता लगने का मतलब है उपचार अधिक आसान और अधिक सफल हो सकता है।

**स्क्रीनिंग जीवन बचाती है।**

# 1. फेफड़े के स्वास्थ्य की जांच



आप किसी स्वास्थ्य पेशेवर से फ़ोन पर या आमने-सामने बात करते हैं।

**आप इस बारे में बात करते हैं:**

- सांस लेना
- आपके फेफड़े कैसे महसूस होते हैं
- जीवनशैली
- परिवारिक इतिहास
- डाक्टरी इतिहास



बातचीत के बाद स्वास्थ्य पेशेवर आपको बताएंगे कि आगे क्या होगा।

3 संभावित परिणाम हैं।



**1. कोई समस्या नहीं मिली**

फेफड़ों की स्वास्थ्य जांच में पाया गया कि आपको फेफड़ों के कैंसर का खतरा कम है।

आपको फेफड़ों के स्कैन की आवश्यकता नहीं है।

भविष्य में आपको एक और फेफड़ों की स्वास्थ्य जांच के लिए बुलाया जा सकता है।

यदि आप कोई बदलाव देखते हैं या अगले फेफड़ों की स्वास्थ्य जांच से पहले कोई लक्षण होते हैं, तो अपने जीपी *(डॉक्टर)* के पास जाएं।

**लक्षण पृष्ठ 14 पर हैं।**

# 1. फेफड़ों की स्वास्थ्य जांच

*जारी*



## 2. एक फेफड़ों का स्कैन पेश करना

आपके फेफड़ों की स्वास्थ्य जांच दर्शाती है कि आपके आपके फेफड़ों के साथ समस्याओं का अधिक खतरा है।

आपको फेफड़ों के कैंसर के लक्षणों की जांच के लिए फेफड़ों का स्कैन पेश किया जाता है।



## 3. आपके जीपी या स्थानीय हॉस्पिटल में रेफरल


आपके फेफड़ों की स्वास्थ्य जांच कुछ समस्याएं दिखाती हैं लेकिन आपको फेफड़ों के स्कैन की ज़रूरत नहीं है। स्वास्थ्य पेशेवर आपके डीपी *(डॉक्टर)* या किसी दूसरे स्वास्थ्य पेशेवर  से आपके परिणामों के बारे में बात करेंगे।

हम आपके जीपी *(डॉक्टर)* को आपके फेफड़ों की स्वास्थ्य जांच के परिणाम बताएंगे..

# 2. फेफड़ों का स्कैन

## फेफड़ों के स्कैन के लिए आमंत्रित लोगों के लिए





आपको फेफड़ों के एक स्कैन के लिए आमंत्रित किया जाता है

फेफड़ों के स्कैन को एक कम खुराक सीटी स्कैन कहते हैं। एक सीटी स्कैन कम मात्रा में **रेडिएशन**का उपयोग करता है

स्कैन आपके फेफड़ों की तस्वीरें खींचता है।

**रेडिएशन** एक प्रकार की ऊर्जा **है।**

**रेडिएशन** एक अदृश्य ऊर्जा है जो हवा के माध्यम से चलती है, कुछ-कुछ प्रकाश या गर्मी की तरह, लेकिन हम इसे अपनी आँखों से नहीं देख सकते।

हम शरीर के अंदर की तस्वीरें *(एक्स-रे)* लेने के लिए **रेडिएशन** का उपयोग करते हैं।

एक फेफड़ा स्कैन में बहुत कम मात्रा में **रेडिएशन**का उपयोग करता है। बहुत कम मात्रा में **रेडिएशन** समान्यतः हानि का करण नहीं बनते।

कभी-कभी, यदि आपके शरीर में बहुत ज़्यादा **रेडिएशन** है तो यह नुकसान का कारण बन सकता है। यह दुर्लभ है।

# 2. फेफड़ों का स्कैन
*(जारी)*




## फेफड़ों के स्कैन में क्या होता है?



फेफड़ों का एक स्कैन मोबाइल यूनिट या असपतालों में होता है।



आपसे गहने और धातू की ज़िप वाले कपड़े उतारने के लिए कहा जाता है।



आप पीठ के बल लेटते हैं और बिस्तर स्कैनर से होकर गुजरता है।




**रेडियोग्राफर** कहलाए जाने वाला स्टाफ़ स्क्रीन के पीछे से स्कैनर को कंट्रोल करते हैं।

स्कैन के दौरान आप स्टाफ से बात कर सकते हैं।

# 2. फेफड़ों का स्कैन
*(जारी)*

## फेफड़ों के स्कैन में क्या होता है?



आपसे स्थिर लेटने के लिए कहा जाएगा।

आपसे धीरे-धीरे सांस लेने और कुछ सेकंड के लिए सांस रोकने के लिए कहा जाएगा।


फेफड़ों का एक स्कैन कराने में दर्द नहीं होता।



एक बार स्कैन खत्म होने के बाद आप बिस्तर से उतरकर यूनिट से बाहर चले जाते हैं।

# फेफड़ा स्कैन परिणाम






आपको अपने फेफड़ों के स्कैन के परिणाम 4 हफ़्तों के भीतर मिल जाएंगे।

4 संभावित परिणाम हैं।



**1. कोई समस्या नहीं मिली**

फेफड़ों के स्कैन में फेफड़ों के कैंसर का कोई लक्षण नहीं मिला।



हम आपको 2 साल में एक और फेफड़ों के स्कैन के लिए बुलाएंगे ताकि यह जांच की जा सके कि सब कुछ ठीक है।




यदि आप कोई बदलाव देखते हैं या अगले फेफड़ों की स्वास्थ्य जांच से पहले कोई लक्षण होते हैं, तो अपने जीपी *(डॉक्टर)* के पास जाएं।

**लक्षण पृष्ठ 14 पर हैं।**

# फेफड़ा स्कैन परिणाम

*(जारी)*





## 2. आपको एक और स्कैन की आवश्यकता है

इसका मतलब है कि हमने कुछ ऐसा देखा है जिसे हम दोबारा चेक करना चाहते हैं।

हम आपको लिखेंगे और आपको एक और स्कैन के लिए आने के लिए कहेंगे।

यह आमतौर पर 3 या 12 महीने में होता है।




## 3. आगे परीक्षण आवश्यक

हमने स्कैन में कुछ देखा और और परीक्षण करना चाहते हैं।

हम आपको फ़ोन करेंगे और अस्पताल को लिखेंगे।

हम आपसे 2 हफ़्ते के भीतर मिलना चाहते हैं।



## 4. कुछ और मिला

फेफड़ा स्कैन फेफड़ों के कैंसर को ढूँढता है, लेकिन कभी-कभी हमें दूसरी समस्याएं भी पता चलती हैं। यदि हमें कोई और समस्याएं मिलती हैं तो हम आपको और आपके जीपी *(डॉक्टर)* को लिखेंगे ताकि आपको और परीक्षण या उपचार मिल सके।

# फेफड़ों के कैंसर की स्क्रीनिंग करवाना चुनना





यह आपकी पसंद है कि आप फेफड़ों के कैंसर की स्क्रीनिंग करवाना चाहते हैं या नहीं।

फेफड़ों के कैंसर की स्क्रीनिंग कराने का मतलब है कि हमें समस्याओं का जल्दी पता चलने की संभावना अधिक है।



फेफड़ों के कैंसर का जल्दी पता लगने का मतलब है उपचार अधिक आसान और अधिक सफल हो सकता है।



हो सकता है कभी-कभी फेफड़ों का स्कैन फेफड़ों के कैंसर को न देख पाए। यह दुर्लभ है। कभी-कभी हम फेफड़ों का स्कैन में कुछ देखते हैं और अतिरिक्त परिक्षण करना चाहते हैं। यह बहुत चिंताजनक हो सकता है।



आप अपने फेफड़ों की कैंसर स्क्रीनिंग के दौरान कभी भी हमसे कोई भी सवाल पूछ सकते हैं।

आप अपने जीपी *(डॉक्टर)* या जीपी सर्जरी में किसी स्वास्थ्य पेशेवर से भी बात कर सकते हैं।

# सिगारेट छोड़ने में मदद





फेफड़ों के कैंसर का खतरा कम करने के लिए सबसे अच्छी बात जो आप कर सकते हैं, वह है सिगारेट बंद करना।



यदि आप सिगारेट बंद करना चाहते हैं तो दोस्ताना, निःशुल्क, स्थानीय सिगारेट छोड़ने की सेवाएं मौजूद हैं।






**यदि आप सिगारेट बंद करना चाहते हैं तो आप:**

अपनी फेफड़ों के कैंसर की स्क्रीनिंग अपॉइंटमेंट पर पूछ सकते हैं।

अपने डॉक्टर से बात कर सकते हैं।

NHS स्मोकफ्री से संपर्क करें 0300 123 1044

या जाएं www.nhs.uk/smokefree

# फेफड़ों के कैंसर के लक्षण





**यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण हो तो जीपी *(डॉक्टर)*के पास जाएं।**



खांसी जो बंद नहीं होती *या*

खून की खांसी आना।



सांस फूलना

*या*

सांस लेते या खांसते समय दर्द होना।



बहुत ज़्यादा थक जाना या बिना कोशिश किए वज़न कम होना।



कुछ भी खाने का मन नहीं करना।

# फेफड़ों के कैंसर, फेफड़ा कैंसर स्क्रीनिंग और सिगारेट पर सलाह के बारे में अधिक जानकारी के लिए




**NHS फेफड़ों का कैंसर जानकारी**

www.nhs.uk/conditions/lung-cancer

**48NHS स्मोकफ्री**

www.nhs.uk/smokefree

**कैंसर रीसर्च यूके**

www.cruk.org/lunghealthchecks
www.cruk.org/about-cancer/lung-cancer
www.cruk.org/smoking

**रॉय कैसल लंग कैंसर फाउंडेशन**

www.roycastle.org/information
www.roycastle.org/help-and-support

के सहयोग से बनाया गया

**उत्तर पूर्व और उत्तरी कम्ब्रिया लर्निंग डिसेबिलिटी और ऑटिज़्म नेटवर्क**